**SMIL: LISTING: 23-24/1205/1** **12th May, 2023**

**BSE Limited**
Department of Corporate Services
Pheroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai - 400 001
**(SCRIP CODE - 535602)**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C/1, G Block
Bandra - Kurla Complex, Mumbai - 400 051
**(Symbol - SHARDAMOTR) (Series - EQ)**

**Subject: - Submission of Copy of Newspaper Advertisement**
**Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015**

Dear Sir/ Madam,

With reference to the captioned subject, please find enclosed herewith copies of the newspaper advertisement dated Friday, 12th May, 2023 published in Financial Express (English Language) and Vir Arjun (Hindi Regional Language).

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **Sharda Motor Industries Limited**

ITI GOYAL Digitally signed by ITI GOYAL Date: 2023.05.12 16:10:06 +05'30'

**Iti Goyal**
**Assistant Company Secretary**
**& Compliance Officer**

**Encl. as above**



दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी, परसेप्शन मैनेजमेंट एंड मीडिया सेल संजय सिंह डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में ''एक ही रास्ता'' ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम ''सिटीजंस ग्रेटीट्यूट टू गैलेंट वारियर 2023'' के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## दिल्ली में चार साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में स्कूल का कर्मचारी गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली के रोहिणी में एक स्कूल में चार वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में बृहस्पतिवार को स्कूल के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, दक्षिणी रोहिणी पुलिस थाने में बुधवार को दर्ज कराई गई शिकायत में बच्ची की मां ने स्कूल के कर्मचारी पर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354बी और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास केवल एक सुराग था कि आरोपी व्यक्ति की मूंछें थीं। छात्रा का एक मई को ही स्कूल में दाखिला कराया गया था। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बच्ची की चिकित्सकीय जांच की गई और बाद में उसकी काउंसलिंग की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, बृहस्पतिवार की सुबह बच्ची द्वारा आरोपी की पहचान किए जाने के बाद सुल्तानपुरी में रहने वाले सुनील कुमार (43) को गिरफ्तार कर लिया गया। वह स्कूल में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के रूप में काम करता है।

## 2020 दिल्ली दंगा मामला : अदालत ने तीन को आगजनी और चोरी के आरोपों से बरी किया

नई दिल्ली, (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुये दंगों के दौरान आगजनी और चोरी की वारदात में शामिल तीन लोगों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में भी असमर्थ रहा कि जिन घटनाओं की जांच की जा रही है उसके पीछे दंगाई भीड़ थी।

अदालत दिनेश यादव, संदीप और टिंकू के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थी, जिनके खिलाफ उस दंगाई भीड़ में शामिल होने का आरोप था, जिसने फर्नीचर की एक दूकान में तोड़फोड़ और चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उनके खिलाफ 24 और 25 फरवरी 2020 की रात को भागीरथी विहार में एक सिलाई इकाई को नष्ट करने के लिए आग और विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने बुधवार को अपने फैसले में कहा, 'मुझे लगता है कि आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोप बिल्कुल भी साबित नहीं हुए हैं। इसलिए, आरोपी... इस मामले में उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किए जाते हैं।

इसके साथ ही न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष का यह आरोप है कि ये लोग उस भीड़ का हिस्सा थे, जिन्होंने संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, अभियोजन यह भी साबित नहीं कर सका कि इन घटनाओं के पीछे भीड़ थी, और उस स्थिति में निष्कर्ष यह है कि घटनाओं में अभियुक्तों की संलिप्तता दिखाने के लिए रिकॉर्ड पर कोई साक्ष्य नहीं है।

एएसजे प्रमाचला ने कहा कि इस बात की जबरदस्त संभावना हो सकती है कि दोनों स्थानों पर घटनाएं दंगाई भीड़ के कारण हुईं लेकिन संभावना सबूत नहीं बन सकती।

न्यायाधीश ने कहा, '...यह सुनवाई के सबूतों या केवल संभावना के आधार पर अभियोजन पक्ष के अनुमान का मामला बना हुआ है कि इन घटनाओं के पीछे एक भीड़ थी' उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि अनुमान या मजबूत संदेह सबूत का विकल्प नहीं हो सकता है, और इसलिए सबूत के अभाव में यह नहीं माना जा सकता है कि दोनों घटनाओं के पीछे दंगाई भीड़ थी।

## 18वीं मंजिल से गिरा मजदूर 12वीं मंजिल पर फंसा, मौत

नोएडा, (वीअ)। जिले के थाना बिसरख क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत भवन में काम कर रहा एक मजदूर 18वीं मंजिल से गिर कर 12वीं मंजिल पर फंस गया और वहां से उतार कर अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम को राइस सिटी के पास निर्माणाधीन वर्मा हाइट्स नामक सोसाइटी में काम करते समय साकिर (35 वर्ष) 18 वीं मंजिल से गिरा और 12वीं मंजिल पर फंस गया।उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी साकिर को वहां काम कर रहे लोगों ने उतारा और अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। सिंह के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन की शिकायत पर बिल्डर कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## बृजभूषण पर आरोप लगाने वाली नाबालिग का बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज

नई दिल्ली, (वीअ)। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक नाबालिग का बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस से 12 मई तक स्थिति रिपोर्ट मांगी थी। अदालत ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। याचिका में अनुरोध किया गया है कि जांच की निगरानी की जाए और कथित पीडतिों के बयान अदालत के समक्ष दर्ज कराये जाएं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''नाबालिग महिला पहलवान का बयान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया गया है। शेष छह महिला पहलवानों के बयान भी जल्दी ही मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए जाएंगे। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज किए जाने से संबंधित है। पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत नाबालिग शिकायतकर्ता सहित सभी सात महिला पहलवानों के बयान दर्ज किए हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 पुलिस द्वारा गवाहों की जांच से जुड़ी है।

दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थी। सिंह के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग को लेकर देश के कई पहलवान 23 अप्रैल से यहां जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं।

## 15 मई को बड़ी संख्या में किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन में शामिल होने के लिए तैयार



17 दिनों से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान सभा के नेतृत्व में धरना देते किसान।

ग्रेटर नोएडा, (वीअ)। 17 दिनों से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान सभा के नेतृत्व में धरनारत किसानों ने आज फिर दोहराया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक हम यहां से हटने वाले नहीं हैं।

किसान सभा के प्रवक्ता डॉ रुपेश वर्मा ने बताया कि 15 मई को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान परिवार सहित आने को तैयार हैं सभी प्रभावित गांव में किसान सभा की गांव कमेटियां बन चुकी हैं और साथ ही साथ गांव की महिलाओं में काफी हद तक महिला समितियों का गठन भी हो चुका है, प्राधिकरण क्षेत्र के किसानों के साथ जो अन्याय कर रहा है वह किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं होगा क्योंकि 10 प्रतिशत विकसित प्लाट, सभी किसानों को समान रूप से मिलना चाहिए, प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में किसानों को 17द5इ कोटा की बहाली हो साथ ही साथ प्राधिकरण क्षेत्र में लगने वाले उद्योग धंधों में क्षेत्रीय युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था हो। किसान सुरेंद्र सुनपुरा का कहना है कि प्राधिकरण रजिस्ट्री द्वारा हमारी बेशकीमती जमीनों को बहुत ही सस्ते दामों पर खरीद रहा है जबकि नए भूमि अधिग्रहण को देश में लागू हुए 8 साल से ऊपर का समय बीत चुका है अगर प्राधिकरण को हमारी जमीनों की आवश्यकता है तो हमारी जमीनों का कानून के अनुसार बाजार भाव का 4 गुना मुआवजा देकर जमीन खरीदे।

## आरसी के पैसे की वसूली को बिल्डर की 111 संपत्तियों की नीलामी करेगा उप्र रेरा

नोएडा, (वीअ)। जिला प्रशासन वेव मेगा सिटी सेंटर बिल्डर के कुर्क किए गए 111 फ्लैट और दुकानों की नीलामी करेगा। उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) के रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) का पैसा नहीं देने पर प्रशासन ने बिल्डर की इन संपत्तियों को कुर्क किया है। पहले चरण में 29 मई को 38 फ्लैट और दुकानों को नीलाम कराया जाएगा। यह नीलामी सामान्य नीलामी की तरह से होगी, इसकी ई-नीलामी नहीं की जाएगी। बाकी संपत्ति का मूल्यांकन कराया जा रहा है।

बिल्डर पर यूपी रेरा की आरसी का 123.55 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं, प्रशासन कई अन्य बिल्डरों की संपत्तियों को भी नीलामी कराने की तैयारी कर रहा है।उप-जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि पिछले माह जिला प्रशासन ने 101 बिल्डरो से यूपी रेरा की आरसी का 503 करोड़ रुपये वसूलने का अभियान शुरू किया था। सभी बिल्डरों के घर व कार्यालयों पर मुनादी कराकर 24 घंटे का समय दिया गया था, लेकिन बिल्डरों पर उसका असर नहीं हुआ। इसके बाद प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने वेव मेगा सिटी सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ बड़ी कार्वाई शुरू की है। दादरी तहसील में बिल्डर पर यूपी रेरा की आरसी का 123.55 करोड़ रुपये बकाया है। बार-बार नोटिस के बाद भी बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहा है। आरसी का पैसा वसूलने के लिए प्रशासन बिल्डर की 111 संपत्ति को कुर्क कर चुका है। अब प्रशासन ने कुर्क संपत्ति को नीलाम करने का फैसला लिया है।उन्होंने बताया कि पहले चरण में 38 संपत्तियों को नीलाम कराया जाएगा। इनकी नीलामी 29 मई को होगी। इन 38 संपत्तियों की कीमत करीब 40 करोड़ रुपये है।

नीलामी सफल होने से प्रशासन को बड़ी धनराशि मिलेगी। उस धनराशि से खरीदारों का पैसा लौटाया जाएगा। बिल्डर की बाकी 73 संपत्ति का सब रजिस्ट्रार से मूल्यांकन कराया जा रहा है।

## नोएडा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

नोएडा, (वीअ)। थाना बिसरख क्षेत्र के इटेड़ा गांव में एक युवक ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 122 में रहने वाले लवकुश पांडे (23) पुत्र सुरेश पांडे ने बुधवार को इटेड़ा गांव में स्थित झुग्गी बस्ती में जाकर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## टाउन पार्क में हुए ब्लाइंड मर्डर के मामले में क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद, (वीअ)। बीते पांच मई को सेक्टर-12 टाउन पार्क में व्यक्ति की हुई गला घोटकर हत्या के मामले क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी दीपक कुमार की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियो में मूलचन्द उर्फ विकास और सराफत खान शामिल है। आरोपी मूलचन्द मूल रुप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव टप्पल का तथा वर्तमान में गांव सारन में तथा आरोपी सराफत खान उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के गांव शाहपुर का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को प्याली चौक सारन से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 5 मई को एक बारात में लडकियों से छेडछाड की थी मृतक द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने मृतक को अपने ऑटो में जबरदस्ती बिठा लिया था और टाउन पार्क ले आए थे। टाउन पार्क में आरोपियों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान प्यारु निवासी बढजेवरा जिला मेरठ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई थी। आरोपियो से वारदात में प्रयोग ऑटो बरामद किया गया। आरोपियों को अदालत में पेश कर शिनाख्त परेड कराने के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाएगा।

## जेआरसी और ब्रिगेड सदस्यों को किया सम्मानित




सरकारी स्कूल के छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा।

फरीदाबाद, (वीअ)। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व थैलेसीमिया दिवस और विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। जे आर सी और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्व थैलेसीमिया दिवस और विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भाषण, निबंध, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग आदि के माध्यम से थैलीसेमिक बच्चों और व्यक्तियों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि थैलेसेमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त रोग है। इस रोग के होने पर शरीर की हीमोग्लोबिन निर्माण प्रक्रिया में गड़बड़ी हो जाती है जिसके कारण रक्तक्षीणता के लक्षण प्रकट होते हैं। यह रक्त का एक विकार होता है, जिस में ऑक्सीजन वाहक प्रोटीन सामान्य से कम मात्रा में होते हैं।

थैलेसीमिया एक पीढ़ी से पीढ़ी में जाने वाली रक्त संबंधी बीमारी है जो शरीर में सामान्य के मुकाबले कम ऑक्सीजन ले जाने वाले प्रोटीन, हीमोग्लोबिन और कम संख्या में लाल रक्त कोशिकाओं से पहचानी जाती है। यदि किसी व्यक्ति को थैलेसीमिया है, तो उसका शरीर कम स्वस्थ हीमोग्लोबिन प्रोटीन का उत्पादन करता है और उसकी अस्थि मज्जा कम स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करती है। लाल रक्त कोशिकाओं के कम होने की स्थिति को एनीमिया कहा जाता है। क्योंकि लाल रक्त कोशिकाएं आपके शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नोएडा, (वीअ)। थाना सूरजपुर क्षेत्र के डेल्टा-। सेक्टर में रहने वाले एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि डेल्टा- वन सेक्टर के सी- ब्लॉक में रहने वाले हिमांशु शर्मा (40) को उनके परिजनों ने आज गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि वहां पर डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया।

## जानबूझकर बीच सड़क में खड़ा किया ट्रक, नहीं हटाने पर पुलिस में शिकायत

नोएडा, (वीअ)। नोएडा में एक ट्रक चालक ने अपने वाहन को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया जिसके कारण रास्ता जाम हो गया। पुलिस के अनुसार उसने कहने पर भी रास्ते से ट्रक नहीं हटाया।गौतम बुद्ध नगर यातायात पुलिस में तैनात एक उपनिरीक्षक ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि यातायात विभाग में तैनात टीएसआई राजवीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अजीत सिंह नामक ट्रक चालक ने डीएनडी लूप के पास अपना 10 टायर वाला ट्रक जानबूझकर सड़क पर खड़ा कर दिया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। अधिकारी के अनुसार जब उससे ट्रक हटाने के लिए कहा गया तो उसने ट्रक नहीं हटाया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
**CIN: L74899DL1986PLC023202**
पंजीकृत कार्यालयः डी–188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020
फोन नं. +91 11 4733 4100, फैक्स नं. +91 11 2681 1676
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 एवं अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, के अनुसरण में एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की अगली बैठक बृहस्पतिवार, 18 मई, 2023 को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ–साथः 1) 31 मार्च, 2023 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वर्ष के कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा। 2) वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अंतिम लाभांश, यदि कोई हो पर विचार एवं अनुशंसा की जाएगी। कथित सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.shardamotor.com पर भी उपलब्ध है और इसे स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी देखा जा सकता है।

कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
नितिन विश्नोई
कार्यपालक निदेशक एवं कम्पनी सचिव

दिनांकः 11.05.2023
स्थानः नई दिल्ली

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**
E-mail ID: cmhobb2012@gmail.com Tel. Phone No. 07727-223550

क्रमांक/एन.एच.एम./अस्थाई भर्ती/एनएस–2651/2023–24/3414
बलौदाबाजार, दिनांक 08.05.2023

//सूचना//

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु रिक्त पदों को अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर रखे जाने की अनुमति उपरांत अस्थाई रिक्त पदों की कलेक्टर दर पर भर्ती हेतु विज्ञापन क्र./एन.एच.एम./अस्थाई भर्ती/एनएस–2651/2022–23/2660 बलौदाबाजार दिनांक 29.03.2023 को जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के तारतम्य में सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के अंतरिम आदेश दिनांक 01.05.2023 के अनुसार सभी नियुक्तियों एवं चयन प्रक्रिया माननीय उच्चतम नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी.(सी) क्र. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी। अतः विज्ञापन क्र./एन.एच.एम./अस्थाई भर्ती/एनएस–2651/2022–23/2660 बलौदाबाजार दिनांक 29.03.2023 के नियम एवं शर्त क्र. 11 एवं 12 के तहत भर्ती प्रक्रिया निरस्त की जाती है।

हस्ता./–
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

जी–01036/6

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट तथा चाइल्ड वैल्फेयर काउंसिल के सहयोग से पकड़े गए तीन बच्चे

गोहाना, (राजेश आहूजा)। बाल मजदूरी व बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में गुरूवार को गोहाना में विशेष अभियान चलाते हुए तीन बच्चों को पकड़ा गया। अभियान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और चाइल्ड वैल्फेयर काउंसिल (सीडब्ल्यूसी) ने विशेष सहयोग दिया। इसके पहले खरखौदा में यह अभियान चलाते हुए बच्चों व उनके अभिभावकों को बाल मजदूरी व बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ जागरूक किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता शर्मा के निर्देशानुसार सोशल वर्कर उपासना ने सीडब्ल्यूसी की चेयरपर्सन अनीता शर्मा तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के एएसआई अनिल तथा संदीप और चाइल्ड लाइन से गीता के साथ मिलकर गोहाना के विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई (रेड) की। इस कार्रवाई में तीन बाल मजदूरी व भिक्षावृत्ति करते हुए तीन बच्चे पकड़े गए, जिनकी काउंसलिंग कराई गई। बाद में सीडब्ल्यूसी के आदेशों पर उनके अभिभावकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, कि भविष्य में बच्चों से दोबारा बाल मजदूरी अथवा भिक्षावृत्ति नहीं करवायेंगे।

इस दौरान सब्जी मंडी में वयस्क मजदूरों तथा आढ़तियों को बाल मजदूरी व बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध जागरूक किया गया। सोशल वर्कर उपासना ने कहा कि बच्चों से भिक्षा मंगवाना और मजदूरी करवाना गैर-कानूनी है। ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। पहली बार पकड़े जाने पर सीडब्ल्यूसी के आदेशों पर चेतावनी देकर छोड़ सकते हैं, किंतु बार-बार यदि कोई इस कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। अपने संस्थान अथवा किसी भी प्रकार के व्यवसाय में बाल मजदूरी करवाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है।

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Ms. Neelam Singh, District Judge (Commercial Judge-02) South East District, Room No. 14, Block-1, Saket Court Complex, New Delhi.**
**Suit No. CSDJ/1694/18**
**Canara Bank .....Plaintiff**
**Versus**
**Satinder Kaur Banga & Anr ....Defendant**
**To,**
**1. Satinder Kaur Banga** At; House No. H-22, 2nd Floor, Kirtinagar, New Delhi-110015.
**2. Karan Preet Singh Banga** S/o Tarvinder Singh Banga At: H. No. 387, C-87, Kirti Nagar, New Delhi-110015.
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **29.05.2023** the day fixed for file a written statement within 30 days and appear in this court, it will be heard and determined ex-parties.
Given under my hand and the seal of the court, this **08.05.2023.**
**Seal Sd/-**
**District Judge (Commercial Judge-02) South East District, Saket Court Complex, New Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order V, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Sh. Gurvinder Pal Singh, District Judge (Commercial Court)-02, New Delhi District, Room No. 25, Annexe Building, Patiala House Court, NDD, New Delhi.**
**Case No. TM-184/2021**
**Title:- Levi Strauss and Co Versus Budh Ram and Ors.**
**To**
**Mr. Dharam Prakash** S/o Santosh Kumar, 2316, 1st floor, Gaffar Market, Karol Bagh, Delhi-110005.
Whereas above named Plaintiff has instituted a commercialsuit against you. You are hereby summoned to appear before this court in person or by a pleader on **30.05.2023 at 10:00 AM** to answer the same.
The written statement must be filed within thirty days from the date of receipt of the summons. You are to also file affidavit of admission/denial of the documents filed by the plaintiff with written statement.
It is made clear that any unjustified denial of documents and delay in the time lines may lead to an order of costs against the concerned party.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this **21st day of April, 2023.**
**Seal Sd/-**
**District Judge (Commercial Court)-02, New Delhi District, Annexe Building, Patiala House Court, NDD, New Delhi.**

**In The Court of**
**Sh. Deepak Vats, Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller, Commercial Civil Judge, South-East, Room No. 203, Saket Court, New Delhi.**
**SS-18/2023**
**Mr. Parkash Chander Mehani** S/o Late Shri Khus Dayal Mehani R/o F-25, 1st Floor, South Extension Part-I, Andrewsganj, South Delhi-110049. **......Petitioner**
**Versus**
**1. The State (N.C.T. of Delhi)** Through SDM. South East District.
**2. ICICI Bank Ltd.** AT: ICICI Bank Demat, W-57, Greater kailash-I, New Delhi-110048.
**Reg. Office at:** CPC-Demat Services, Ground Floor, B-Wing, Autumn Estate, Chandivali Farm Road, Opp. Mhada Colony, Chandivali, Andheri (East), Mumbai-40007.
**3. Gagan Mehani** S/o Mr. Parkash Chander Mehani R/o F-25, 1st Floor, South Extension Part-I, Andrewsganj, South Delhi-110049.
**4. Mohit Mehani** S/o Mr. Parkash Chander Mehani R/o F-25, 1st Floor, South Extension Part-I, Andrewsganj, South Delhi-110049.
**5. Neeharika Parvalkar** D/o Mr. Parkash Chander Mehani R/o F-25, 1st Floor, South Extension Part-I, Andrewsganj, South Delhi-110049. **.....Respondents**
Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Mr. Parkash Chander Mehani** successor of **Late Mrs. Bindu Mehani** for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **19.07.2023 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objections in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **08.05.2023.**
**Seal Sd/-**
**Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Saket Court, New Delhi.**

## मोटरसाइकिल चोरी करने में तीन गिरफ्तार, चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद

सोनीपत, (राजेश आहूजा)। मोटर साइकिल चोरी करने मे शामिल तीन आरोपियों साहिल पुत्र राजकुमार, सूरज पुत्र साहब सिंह व गौरव पुत्र सुरेश तीनों निवासी गिवाना गोहाना जिला सोनीपत को थाना सदर गोहाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुन्दर पुत्र राममेहर निवासी गाँव गोहाना जिला सोनीपत ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि मैंने अपनी मोटरसाइकिल अपने सामने वाले पड़ोसी के घर में लॉक लगाकर खडी की थी और घर के गेट की कुंडी लगा दी थी लेकिन जब मैं अपनी बाइक लेने के लिए घर में गया तो मुझे वहां पर मेरी बाइक नहीं मिली जो किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने चोरी कर ली है। अनुसंधान पुलिस टीम ने आरोपियो की खोजबीन करते हुये उक्त तीन आरोपियों साहिल, सूरज व गौरव को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटर साइकिल सहित तीन मोटरसाइकिल बरामद की है।

